# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

**जवाहर लाल नेहरू मार्ग**

क्रमांक : परीक्षा / 2026 / दिनांकः

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालय,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

विषयः– राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत आयोजित परीक्षाओं में Internship Certificate Upload के संबंध में।

संदर्भः– पत्र क्रमांकः परीक्षा / 2025 / 1589 दिनांक 17.11.2025, परीक्षा / 2025 / 1787 दिनांक 17.12.2025, परीक्षा / 2026 / 1727 दिनांक 27.02.2026, परीक्षा–4– अ / ब / 2026 / 1289 दिनांक 02.05.2026, परीक्षा–4 –अ / ब / 2026 / 2081–2084 दिनांक 05.06.2026, प.नि. / 2026 / 794 दिनांक 05.06.2026 एवं परीक्षा / 2026 / 1392–96 दिनांक 08.06.2026

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत आयोजित स्नातक स्तर की सेमेस्टर परीक्षा–2026 के समस्त स्वयंपाठी एवं नियमित विद्यार्थियों को स्नातक उपाधि पूर्ण करने हेतु Internship करना अनिवार्य है।

वर्तमान सत्र में सेमेस्टर पंचम एवं षष्ठम के स्वयंपाठी एवं नियमित विद्यार्थियों द्वारा जमा करवाये गये Internship Certificate को विश्वविद्यालय वेबसाईट के माध्यम से महाविद्यालय पोर्टल पर दिनांक 10.08.2026 तक आवश्यक रूप से अपलोड़ करवाना सुनिश्चित करें।

उक्त Internship Certificate पर महाविद्यालय द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी के हस्ताक्षर मय मोहर होना आवश्यक है। Internship Certificate अपलोड़ नहीं करने की स्थिति में विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम / अंकतालिका जारी नहीं की जायेगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र / परीक्षा फॉर्म संग्रहण केन्द्र की होगी।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

Sd–
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : परीक्षा / 2026 / 184–188 दिनांकः 27.7.2026

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. संयोजक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
2. अतिरिक्त कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. समस्त सहायक कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. वरिष्ठ निजी सहायक, कुलगुरु / कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

27/7/26
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)